Name of the Sector	State Project	Name of the International Funding Agency	Location of Project Activities	A.C.A. Released So Far (In Lakhs)	Targetted date For Completion of Project	Ratio of Project Cost Shared by State Govt. And Foreign Aid Agency	Remarks
4.	Gujrat Aforestation Project	OECF-Japan	All Over State	0.00	26-3-2004	15:85	• New Project
5.	Ship-breaking at Pipavav Port	OECF-Japan	Pipavav Port	0.00	26-3-2003	15:85	New Project
6.	Gujarat-Water Supply (Lathi Lillya)	Netherlands	Lathi Liliya	805.00	31-3-97	100% donor funded*	
7.	Gujarat-water Supply (Santhalpur-II)	Netherlands	Santhalpur	777.80	31-3-97	100% donor funded*	
8.	Gujarat Water Supply (Sami Harij)	Netherlands	Sami Harij	1581.60	31-3-97	100% donor funded*	
9.	Salinity Ingress Prevention in Gujarat	Netherlands	All Over State	0.00	10-5-97	100% donor funded*	
10.	Training Women in Agriculture	Nether lands	All Over State	360.00	31-1-97	100% donor funded*	

* Only establishment cost being borne by State Government.

विभिन्न मूल्य सूचकांकों में अन्तर

339. **श्री राम जेठमलानी:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में थोक मूल्य सूचकांक, औद्योगिक श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और खेतिहर मजदूर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में अन्तर रहता है;

(ख) यदि हां, तो इसका कारण क्या है;

(ग) उपर्युक्त प्रत्येक सूचकांक की गणना करते समय कुल कितनी-कितनी वस्तुओं की कीमतों को शामिल किया जाता है;

(घ) क्या देश में जनवरी, 1991 से दिसम्बर, 1995 तक थोक मूल्य सूचकांक में 50.7%, औद्योगिक श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 53.6% तथा ग्रामीण खेतिहर मजदूरों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 61.4% तक की वृद्धि 1981-82 वर्ष के मूल्यों के आधार पर हुई है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार का अनुमान क्या है?

वित्त मंत्री तथा कम्पनी कार्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) तीनों सूचकांकों की श्रृंखला में अन्तर मुख्यतया उनमें शामिल वस्तुओं के समूह की संरचना तथा उनके सापेक्ष महत्व के कारण है। थोक मूल्य सूचकांक सभी व्यापारिक वस्तुओं की 447 वस्तुओं के थोक मूल्यों की साप्ताहिक घट-बढ़ को प्रतिबिम्बित करता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आई डब्ल्यू) 260 वस्तुओं तथा सेवाओं के खुदरा मूल्यों में मासिक घट-बढ़ को प्रतिबिम्बित करता है, जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (ए एल) में वर्ष 1960-61 के पुराने आधार पर केवल 60 वस्तुओं के खुदरा मूल्य शामिल हैं। प्रत्येक तीनों सूचकांकों की वस्तु संरचना सारणी I में सूचीबद्ध की गई है।

सारणी-I

विभिन्न मूल्य सूचकांक श्रृंखलाओं के तहत वस्तु समूह

थोक मूल्य सूचकांक		उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
	आई०डब्ल्यू०	ए० एल०
I. प्राथमिक वस्तुएं	I. खाद्य	I. खाद्य
(क) खाद्य वस्तुएं	II. पान, सुपारी, तम्बाकू एवं मादक पदार्थ	II. ईंधन एवं प्रकाश
(ख) खाद्य-भिन्न वस्तुएं	III. ईंधन और प्रकाश	III. वस्त्र एवं जूते चप्पल
(ग) खनिज पदार्थ	IV. आवास	IV. विविध एवं सेवाएं
II. ईंधन, विद्युत, प्रकाश तथा स्नेहक	V. वस्त्र, बिस्तर एवं जूते-चप्पल	
(क) कोयला खनन		
(ख) खनिज तेल		
(ग) बिजली		
III. विनिर्मित उत्पाद		
(क) खाद्य उत्पाद		
(ख) पेयपदार्थ, तम्बाकू तथा तम्बाकू उत्पाद		
(ग) वस्त्र		
(घ) काष्ठ एवं वनोत्पाद		
(ङ) कागज एवं कागज उत्पाद		
(च) चमड़ा एवं चमड़ा उत्पाद		
(छ) रबड़ एवं प्लास्टिक उत्पाद		
(ज) रसायन एवं रासायनिक उत्पाद		
(झ) गैर-धात्विक खनिज उत्पाद		
(ञ) मूल धातु, समिश्र धातु एवं धातु उत्पाद		
(ट) मशीनरी एवं मशीन औजार		
(ठ) परिवहन उपस्कर एवं उत्पाद		
(ड) अन्य विविध विनिर्माण उद्योग		

(घ) और (ङ) उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर जनवरी, 1991 से दिसम्बर, 1995 तक थोक मूल्य सूचकांक में वृद्धि 57.1 प्रतिशत, औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 56.9 प्रतिशत तथा कृषि श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 66.3 प्रतिशत वृद्धि थी।

दूरदर्शन के धारावाहिकों की स्वीकृति के मानदण्ड

340. **श्री अजीत जोगी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दूरदर्शन के धारावाहिकों की स्वीकृति के लिए क्या मानदण्ड तय किए गए हैं;

(ख) क्या अस्वीकृत धारावाहिकों का पुनरीक्षण करने के लिए कोई धारावाहिक पुनरीक्षण समिति है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पुनरीक्षण समीक्षा द्वारा क्रमशः वर्ष 1995 और 1996 के दौरान पुनरीक्षण किए जाने के बाद कितने धारावाहिकों को स्वीकृति दे दी गई है?